**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1494**
**गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**विमानपत्तनों पर कैंटीन**

**1494. श्रीमती माला राय:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के सभी विमानपत्तनों पर आम लोगों के लिए किफायती दरों वाली कैंटीन स्थापित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने यात्रियों को किफायती भोजन उपलब्ध कराने की नई पहल के रूप में कोलकाता हवाईअड्डे पर 'उड़ान यात्री कैफे' की अवधारणा शुरू की है।

अन्य हवाईअड्डों पर 'उड़ान यात्री कैफे' या इसी तरह के कम लागत वाले आउटलेट शुरू करना संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों के विवेक पर निर्भर करता है। खाद्य और पेय सेवाओं सहित गैर-वैमानिकी गतिविधियों की कीमतें हवाईअड्डा प्रचालकों और रियायतकर्ताओं द्वारा बाजार की गतिशीलता और वाणिज्यिक विचारों के आधार पर निर्धारित की जाती हैं, क्योंकि वे सरकार द्वारा विनियमित नहीं होती हैं। इसके अतिरिक्त, हवाईअड्डों द्वारा सृजित गैर-वैमानिकी राजस्व (खाद्य और पेय पदार्थों सहित) के 30% भाग का उपयोग वैमानिकी प्रभारों को क्रॉस-सब्सिडी देने के लिए किया जाता है, जिससे यात्रियों के लिए टिकट की कीमतें कम हो जाती हैं।

*****